# Sh. L.N. Hindu College, Rohtak

# (A Post-Graduate Co-Educational Institute)

# Affiliated to M.D. University, Rohtak




# University Outreach Programme Annual Activity Report

# (2022-2023)

**Programme Coordinator**

**Dr Hardeep Singh**

# Index :-


| Sr. No. | Date | Activity | No. of Participants | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/08/22 | हर घर तिरंगा अभियान | 7 | 2 |
| 2 | 30/09/22 | संकेतिक भाषा जागरूकता माह (Sign Language Awareness Month) | 6 | 3 |
| 3 | 03/10/22 | स्वैच्छिक रक्तदान - एक अनोखी पहल पर व्याख्यान | 23 | 4 |
| 4 | 22-26/12/22 | पांच दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर | 25 | 6-8 |
| 5 | 27/04/23 | एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर | 24 | 8-11 |


## विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य :-

हमारे संस्थान के आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अपने समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय ग्रामीण समुदायों के जमीनी स्तर से परिचित करवाना है। आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रामीण समुदाय की विभिन्न समस्याओं व चुनौतियों को जानने, समझने और उनके समाधान में एक स्वयंसेवक के रूप में अपनी भूमिका को निर्धारित करने का अवसर प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम के तहत हमारे कॉलेज द्वारा बनियानी, गद्दीखेडी, ताज्जा माजरा और डोब गांव को गोद लिया गया है। कॉलेज की विभिन्न कक्षाओं के 25 विद्यार्थियों की इस कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित गतिवधियों में सक्रिय सहभागिता रही है।

- सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना
- सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना
- स्वयं सेवा की भावना पैदा करना

**01**

## हर घर तिरंगा अभियान

## 13/August/2022

**हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष  में विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महर्षि दयानंद विश्विद्यालय, रोहतक  में हुआ जिसमे श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज के आउटरीच कार्यक्रम के विद्यार्थियों की सहभागिता रही।**



**02**

**संकेतिक भाषा जागरूकता माह**

**(Sign Language Awareness Month)**

**30/September/2022**

**26 सितम्बर का दिन पूरे विश्व में मुक बधिर दिवस के रूप में मनाया जाता है. इसी उपलक्ष में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सितम्बर माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. 30 सितम्बर को विश्वविद्यालय स्तर पर सांकेतिक भाषा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता रही**




**03**

**स्वैच्छिक रक्तदान - एक अनोखी पहल पर व्याख्यान**

**03/October/2022**

**श्रीलाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम द्वारा "स्वैच्छिक रक्तदान - एक अनोखी पहल" पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर कपिल कौशिक जी रहे जिन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों को रक्तदान के अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और रक्त दान का जीवन में कितना महत्व है एवं किस व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, कितने समय बाद रक्त दान करना चाहिए जैसे पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने हमारे आस पास के परिवेश में दिन प्रतिदिन घटित होने वालो विभिन्न घटनाओं के उदहारण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया की कैसे सही समय पर रक्त उपलब्ध ना होने के कारण कितने ही मरीजों की मृत्यु हो जाती। यदि हम स्वेच्छा से नियमित रक्तदान करते हैं तो हम ऐसे आकस्मिक मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने में सफल हो सकते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर नीलम मग्गू, डॉक्टर शालू जुनेजा, डॉक्टर राजेश गहलोत उपस्थित रहे।**



# रक्तदान अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान

जागरण संवाददाता, रोहतक : लाल नाथ हिंदू कालेज की यूथ रेडक्रास एवं यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम इकाइयों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान - एक अनोखी पहल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डा. कपिल कौशिक रहे, जिन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों को रक्तदान के अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। रक्त दान का जीवन में कितना महत्व है एवं किस व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, जैसे पहलुओं पर प्रकाश डाला। वाइआरसी काउंसलर डा. शालू जुनेजा ने मंच का संचालन किया तथा मुख्य वक्ता का परिचय दिया। यूओपी के संयोजक डा. हरदीप सिंह ने यूओपी के महत्व को समझाया और यह भी बताया कि इसके तहत हम समाज से जुड़कर जन जन तक इन जानकारियों को पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में विनय ग्रोवर, हिमानी धींगड़ा, कृष्णा, कोमल एवं प्रशांत को सीनियर्स वालंटियर के लिए सर्वसम्मति से चयन किया गया। सीनियर प्रोफ़ेसर डा. नीलम मग्गू ने बताया कि रक्त दान करने के साथ साथ हमें रक्तदान के महत्व को जन जन तक पहुंचाना है, तभी हम समाज को जागरूक कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रवेश मग्गू, शीतल, नम्रता, गर्वित, लक्ष्य, स्वीटी, कोमल, श्रेया आदि उपस्थित रहे।



मुख्य वक्ता डा. कपिल कौशिक को स्मृति चिन्ह किया भेंट। • जागरण।

# मुख्य समाचार

## हिंदू कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान पर गोष्ठी आयोजित




**रोहतक, गिरीश सैनी।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस व यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम इकाइयों की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान-एक अनोखी पहल विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता डॉ. कपिल कौशिक ने स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों से रक्तदान अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने जीवन में रक्तदान का महत्व की जानकारी दी। किस व्यक्ति को, कितने समय बाद और किस रक्त ग्रुप के रक्तदाता को कितनी बार रक्तदान करना चाहिए जैसे पहलुओं पर प्रकाश डाला। वाईआरसी संयोजक डॉ. शालू जुनेजा ने मंच संचालन किया। यूओपी संयोजक डॉ. हरदीप सिंह ने यूओपी के महत्व से अवगत कराया। इसके तहत हम समाज से जुड़कर जन जन तक इन जानकारियों को पहुंचा सकते हैं। वाईआरसी संयोजक राजेश गहलावत ने वाईआरसी संबंधित जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विनय ग्रोवर, हिमानी धींगड़ा, कृष्णा, कोमल व प्रशांत को वरिष्ठ स्वयंसेवक के रूप में चुना गया। डॉ. नीलम मग्गू ने रक्त दान करने के साथ ही रक्तदान के लिए जन जन को जागरूक करने की बात कही। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान सुदर्शन धींगड़ा व अन्य पदाधिकारियों ने इस आयोजन की सराहना की। इस मौके पर प्रवेश मग्गू, शीतल, नम्रता, गर्वित, लक्ष्य, स्वीटी, कोमल, श्रेया जैन आदि मौजूद रहे।

**04**

**पांच दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन**

**22-26 December 2022**

श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज रोहतक मैं यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम सेल के द्वारा 22 नवंबर 2022 से 26 नवंबर 2022 तक पांच दिवसीय महिला स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच करना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रथम दिन जिला सामान्य अस्पताल से डॉक्टर कविता व उनकी टीम ने छात्रों की एच. बी, बी. पी., हाइट मेजरमेंट एवं वजन आदि की जांच की , दूसरे दिन जिला सामान्य अस्पताल से ही डॉक्टर निशा महिला रोग विशेषज्ञ व उनकी टीम के द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई व उन्हें दवाइयां प्रदान की गई I तीसरे दिन जिला रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक से स्वास्थ्य सलाहकार मिसेज जोली द्वारा छात्राओं को सूक्ष्म आसन पीसीओडी /पीसीओएस से जुड़ी प्रॉब्लम , मासिक धर्म से संबंधित समस्याएं, नृत्य एवं हास्य के लिए व्यायाम व प्राणायाम के साथ-साथ ध्यान का भी अभ्यास कराया गया I शिविर के चौथे दिन हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े चिराग व अरुण गोविंद ने थैलेसीमिया के निवारण व उपाय तथा हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाने के लिए संतुलित भोजन के बारे में छात्राओं को बताया । स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन राजेंद्र कॉलोनी के स्लम एरिया में स्वयंसेवकों के द्वारा महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे गए तथा उन्हे मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया I कैंप के समापन समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने कहा की इस पांच दिवसीय वुमेन हेल्थ चेक अप कैंप में हर दिन भिन्न भिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई जिनका उद्देश्य सभी छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था। भविष्य में भी वह सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें इसलिए अलग से परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रही प्रोफेसर नीलम मग्गू ने कहा कि हमें समाज के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अपनी युवा पीढ़ी को स्वस्थ और स्वास्थ्य के प्रति सजग रखना होगा। उन्होंने कहा कि लड़कियां तो दो परिवारों की नींव होती हैं अगर वह स्वस्थ रहेगी तभी हम अपने घर परिवार और समाज को सुरक्षित व स्वस्थ रख पाएंगे।






शिविर

लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

# महिलाओं को वितरित किए सेनेटरी पैड

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रोहतक।** लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में पांच दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का सोमवार को समापन किया। डॉ. प्रोमिला यादव समन्वयक महिला प्रकोष्ठ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अंतिम दिन सोमवार को राजेंद्र कॉलोनी के स्लम एरिया में स्वयंसेवकों ने महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए। उनसे जुड़ी हुई सावधानियों के बारे बताया।

डॉ. शालू जुनेजा ने 5 दिनों की गतिविधियों का ब्योरा देते हुए कहा कि डॉ. कविता व उनकी टीम ने छात्रों की एचबी, बीपी, हाइट मेजरमेंट, वजन की जांच की गई। दूसरे दिन डॉ. निशा महिला रोग विशेषज्ञ ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां प्रदान की। तीसरे दिन जोली ने छात्रों को सूक्ष्म आसन पीसीओडी, पीसीओएस से जुड़ी समस्या के लिए व्यायाम व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। शिविर के चौथे दिन हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े चिराग व उनकी टीम ने थैलेसीमिया के निवारण, उपाय व हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाने के लिए संतुलित भोजन के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि पांच दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में रोजाना अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां करवाई गई, जिनका उद्देश्य सभी छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर साक्षी, कोमल, मुस्कान, स्वाति, विनय ग्रोवर, प्रशांत, कृष्णा, ललित, दीपांशु मौजूद रहे।

स्लम एरिया में महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित करते लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के विद्यार्थी। विज्ञप्ति

# हिंदू कॉलेज में पांच दिवसीय महिला स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**रोहतक, गिरीश सैनी।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय महिला स्वास्थ्य जांच शिविर सोमवार को समाप्त हुआ। शिविर के समापन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। महिला प्रकोष्ठ कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रोमिला यादव ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। आज की व्यस्त दिनचर्या में स्वस्थ रहना एक कठिन कार्य है। वाईआरसी कोऑर्डिनेटर डॉ. शालू जुनेजा शिविर के 5 दिनों की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ. कविता, डॉ. निशा, जोली, चिराग व उनकी टीम ने एचबी, बीपी, हाइट मेजरमेंट, वजन आदि की जांच की। स्वास्थ्य जांच के बाद उचित परामर्श व आवश्यकतानुसार दवाइयां भी दी गई। पीसीओडी व पीसीओएस से जुड़ी समस्याओं के लिए व्यायाम व प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। छात्राओं को थैलेसीमिया के निवारण तथा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाने के लिए संतुलित भोजन की जानकारी भी दी गई। शिविर के अंतिम दिन राजेंद्र कॉलोनी के स्लम एरिया में स्वयंसेवकों ने महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि इस पांच दिवसीय महिला स्वास्थ्य जांच शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सभी छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था। भविष्य में भी उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए अलग से परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। प्रो. नीलम मग्गू ने कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रखना होगा। हिंदू शिक्षण संस्थान की प्रबंध समिति के प्रधान सुदर्शन कुमार धींगड़ा ने शिविर के सफल संचालन के लिए पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी। सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।





**05**

**एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर**

**27/04/23**

**श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय की वाईआरसी इकाई एवं यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम द्वारा राजकीय प्राथमिक स्कूल, आंवल में एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिविल हॉस्पिटल, रोहतक एवं पॉज़िट्रॉन हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम जिसमें दंत विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, चर्मरोग विशेषज्ञ तथा हृदय रोग विशेषज्ञ ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की। शिविर में लैब तकनीकी विशेषज्ञ ने ECG, BP एवं शुगर की जाँच की। इस जाँच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पॉज़िट्रॉन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ ज़िले सिंह कुंडू रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि छाबड़ा ने ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस तरह की गतिविधियों के लिए टीम को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन करने के लिए आश्वासन दिया। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में सती मंदिर रोहतक के प्रधान श्री प्रवीण निझावन तथा महासचिव श्री प्रेम मिगलानी ने शिरकत की एवं इस तरह की गतिविधियों में**

अपने सहयोग के लिए टीम को आश्वस्त किया। इस शिविर के आयोजन में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार एवं गाँव के सरपंच श्री सुंदरलाल ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। शिविर मे 265 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की गई व जाँच के पश्चात मरीज़ों को मुफ़्त दवाई उपलब्ध करवाई गई। इस जाँच शिविर के लिए आर्थिक सहयोग वाईआरसी, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा प्रदान किया गया। हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान श्री सुदर्शन कुमार धींगड़ा एवं अन्य पदाधिकारीगणों ने कैंप के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर डॉ पूजा चावला, मैडम मधु, कंचन, NCC कैडेट्स, वाईआरसी एवं आउटरीच कार्यक्रम के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।








## राजकीय प्राथमिक स्कूल आंवल में स्वास्थ्य जांच शिविर

रोहतक | श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय की वाईआरसी इकाई की ओर से राजकीय प्राथमिक स्कूल, आंवल में एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पॉजिस्ट्रान हॉस्पिटल, सिविल हॉस्पिटल, एवं पीएचसी, बनियानी के डॉक्टर की टीम ने स्वास्थ्य जांच की। शिविर में लैब तकनीकी विशेषज्ञ ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांचा। इस शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. जिले सिंह कुंडू व विशिष्ठ अतिथि सती मंदिर रोहतक के प्रधान प्रवीण निझावन तथा महासचिव प्रेम मिगलानी रहे। शिविर में 265 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई।




# 265 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय की वाईआरसी इकाई द्वारा राजकीय प्राथमिक स्कूल आंवल में ग्रामीण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने बताया कि शिविर में 265 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार, सरपंच सुंदरलाल, डॉ. हरदीप सिंह, डॉ. राजेश गहलावत, वाईआरसी काउंसलर डॉ. शालू जुनेजा, डॉ. पूजा चावला, मधु, कंचन, देव, आशीष, पवन, भारती, विनय, प्रशांत, दीपांशु, वंदना आदि उपस्थित रहे।